
अर्नब चक्रवात से मनेर-बिहटा में सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद

मनेर। अर्नव चक्रवात के कारण पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जन-जीवन प्रभावित किया ही है इसके साथ-साथ किसानों की ने बताया कि कुछ ही दिनों में धान की कटाई होने वाली थी, लेकिन लगातार बारिश ने सब कुछ डुबो दिया। अब हम सरकार और भगवान के भरोसे हैं। खेतों में नमी बढ़ने से सरसों की बुआई में देरी होगी, जबकि पहले से बोई गई खेसारी और मसूर के खराब होने की आशंका है। है। बिक्रम बिहता पाली सहित बिहार में इस वर्षा से काफी नुकसान हुआ है ।उन्होंने कहा कि किसान कर्ज लेकर खेती करते हैं और पूरी मेहनत से





कमर भी तोड़ दी है। मनेर प्रखंड के सैकड़ों एकड़ में खड़ी धान की तैयार फसल तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में ही गिर गई है, जिससे किसानों में भारी मायूसी है। तैयार फसल के बर्बाद होने से किसान बेहद परेशान हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर धान की खेती की थी और फसल लगभग काटने के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक आई बारिश ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

ग्यासपुर के किसान राम सुरेश सिंह

वहीं माधोपुर के किसान रामकुमार सिंह और रवि रंजन शर्मा ने बताया कि चार महीने की कड़ी मेहनत से फसल तैयार हुई थी। अंत समय में बारिश ने सारी मेहनत बर्बाद कर दी। खेतों में पानी जमा होने से गिरी हुई धान की बालियां काली पड़ रही हैं और दाने खराब होने के कगार पर हैं। फसल गिर जाने से कटाई में भी भारी परेशानी होगी।

धान के साथ-साथ सरसों, आलू, खेसारी और मसूर की खेती पर भी इस बेमौसम बारिश का बुरा असर पड़ा है।

बिहटा (आससे) के अनुसार अर्नब तूफान के प्रभाव से लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश और तेज हवा के कारण खेतों में लगी धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। इसका ताजा असर अम्हारा थाना क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। यहां कई खेतों में धान की फसल प्रभावित हुई है।

किसान नेता भानु ग्रुप अंजनी ने बताया कि लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण फसल बर्बाद हो रही फसल तैयार करते हैं। धान की पैदावार से ही किसानों को परिवार के भरण-पोषण और कर्ज चुकाने की उम्मीद रहती है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा के कारण फसल खराब होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सरकार से मांग की कि खेतों में हुए फसल नुकसान का आकलन कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की परेशानी पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए राहत देने की दिशा में पहल करनी चाहिए।

दहेज के लिए महिला सिपाही की हत्या का आरोप

दनियावां आससे। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव में एक महिला सिपाही की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। महिला सिपाही का शव उसके आवास पर मिलने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

मृतका के भाई का आरोप है कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और इसी प्रताड़ना के चलते उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, घटना को लेकर पुलिस की ओर से अभी तक विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। महिला सिपाही की मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, यह जांच का विषय है। मृतका के भाई द्वारा लगाए गए दहेज हत्या के आरोपों के बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही महिला सिपाही की मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

गांधी हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक के नीचे मिले दो अज्ञात शव

बिहटा (आससे)। दानापुर रेल मंडल के जीआरपी क्षेत्र अंतर्गत बिहटा ब्लॉक के गांधी हॉल्ट के समीप रेलवे ट्रैक के नीचे दो अज्ञात शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों शव रेलवे पोल संख्या 561/13/15 और 562/13/15 के बीच अलग-अलग स्थानों पर मिले हैं। इनमें एक शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसके चेहरे पर मांस के अवशेष नहीं बचे हैं। वहीं दूसरा शव बीती रात का बताया जा रहा है।



सूचना मिलते ही दानापुर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस दोनों शवों की पहचान कराने में जुटी है।

मामले की पुष्टि करते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अजय कुमार ने शुक्रवार दोपहर बताया कि गांधी हॉल्ट के पास दो अज्ञात शव मिले हैं। इनमें एक शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है, जबकि दूसरा बीती रात का बताया जा रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शवों की पहचान के बाद ही घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी।

इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र में एक युवती की अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने और गंदी-गंदी गालियां देकर धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने थाने में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित छोटू कुमार उम्र 22 वर्ष, पिता जगदीश चौहान, मोहल्ला सतीसगंज नौमिया टोला, थाना मसौढ़ी,ने थानाध्यक्ष मसौढ़ी को आवेदन देकर बताया है कि उसके घर के दो मोबाइल पर लगातार अश्लील फोटो और गंदे मैसेज भेजे जा रहे हैं।

बार-बार अश्लील फोटो लगाकर भेजता है और इंस्टाग्राम पर भी गलत मैसेज और गंदी तस्वीरें वायरल कर रहा है। इंस्टाग्राम पर आरोपी का आईडी शिवा के नाम से है।

पीड़ित ने बताया कि जब वह उक्त नंबर पर कॉल कर बात करना चाहता है तो आरोपी उल्टे धमकी देता है कि ये फोटो भेजेगी और तू मुझे अकेले में मिल जाएगा तो तुझे उठा लूंगा, तुम्हें जो करना है करो, मुझे किसी से डर नहीं है।

पुलिस जवान को उत्पाद पुलिस ने बोलेरो में उठाकर की बर्बर पिटाई

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी में पुलिस ही पुलिस की जान की दुश्मन बन गई। दरअसल मामला रेंवा गांव की है जहाँ ड्यूटी पर जा रहे रेल पुलिस के जवान को उत्पाद पुलिस के जवानों ने बोलेरो में जबरन उठा लिया और पोठही पुल के पास ले जाकर बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित जवान का आरोप है कि उत्पाद पुलिस ने उसके बैग से 10 हजार रुपये भी जबरन छीन लिए। पीड़ित रेल पुलिस जवान इंद्रजीत कुमार, पिता राजेश्वर प्रसाद सिंह, ग्राम खरजामा, थाना नदौल, ने नदौल थानाध्यक्ष को आवेदन देकर बताया है कि वह रेल थाना पटना जंक्शन में जीआरपी सिपाही के पद पर तैनात है और गंभीर बीमारी से पीड़ित है। वह ड्यूटी पर जा रहा था। 29 अक्टूबर की रात करीब 09.20 बजे जब वह रेवां मुसहरी के पास पहुंचा तो वहां उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सौरभ चंद्र और उसके साथ उत्पाद बिभाग के अन्य जवान मौजूद थे, जो एक मजदूर और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर रहे थे। जब बीच-बचाव कर पूछा कि क्यों मारपीट कर रहे हैं, तो उत्पाद पुलिस आगबबूला हो गई। आरोप है कि सौरभ चंद्र और उसके सहयोगियों ने कहा कि तू कौन होता है पूछने वाला और यह कहते हुए कि मैं भी पुलिस स्टाफ हूं, बताने के बावजूद उसे जबरदस्ती बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया।

पीड़ित का आरोप है कि उत्पाद पुलिस उसे बोलेरो में डालकर रेवा से पोठही की ओर ले जाने लगे और गाड़ी चलते ही बर्बरता पूर्वक मारपीट करने लगे। उसके बैग में रखे 10,000 रुपये भी छीन लिए। उसके बाद मोरहर नदी के पास पोठही रेलवे पुल के नीचे गाड़ी रोककर उसे नीचे उतारा और हाथ-पैर पकड़वाकर लाठी-डंडे से इतना पीटा कि पूरे शरीर पर काले-काले निशान पड़ गए। बार-बार यह कहने पर कि मैं पेशेंट हूं, मुझे मत मारो फिर भी उत्पाद पुलिस ने एक नहीं सुनी। काफी देर तक पिटाई करने के बाद धमकी देते हुए उसे मोरहर नदी पोही पुल के पास ही फेंक कर फरार हो गए ।किसी तरह जान बचाकर पीड़ित जवान अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल पीड़ित रेल जवान ने नदौल थानाध्यक्ष से उत्पाद पुलिस के उक्त जवानों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा रेवां गांव के कई महिलाओं ने भी उत्पाद पुलिस पर आरोप लगाया है कि हम लोगों के साथ भी जबरन मारपीट की गई है और पुलिस पर पैसा छीनने का आरोप लगाया है। इस संबंध में एक्साईज सुपरीटेंडेंट निशांत कुमार से बात की गई उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी हमें कोई पूरी जानकारी नहीं मिली है, पता कर रहे हैं क्या पूरा मामला है।

विप चुनाव में राजद प्रत्याशियों की जीत पर फतुहा में जश्न

फतुहा आससे। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है। शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं के विश्वास और समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी डॉ. संजीव कुमार सहित विजयी प्रत्याशियों ने मतदाताओं का भरोसा जीता है। यह जीत सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित की राजनीति को मजबूती प्रदान करेगी।

अरविंद यादव ने कहा कि चुनाव में राजद प्रत्याशियों की जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं स्नातक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर महागठबंधन के प्रति अपना विश्वास जाहिर किया है। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष अरबिन्द यादव सहित के कई स्थानीय नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने भी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विजयी प्रत्याशियों को बधाई दिया है।

मुखिया और उसके बेटे पर शेयर मार्केटिंग के नाम पर 6 लाख 95 हजार की जालसाजी का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। मसौढी प्रखंड की खरांट पंचायत की महिला मुखिया और उसके बेटे पर शेयर मार्केटिंग और ऑनलाइन नेटवर्किंग कंपनी के नाम पर लाखों रुपये की जालसाजी करने का गंभीर आरोप लगा है। पैसा मांगने पर मारपीट, गाली-गलौज का भी आरोप है। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अमृत देव, पिता- लगन कृष्ण, ग्राम-पोस्ट - नदवां, थाना - धनरुआ, जिला - पटना के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने आवेदन में बलियारी ग्राम की वर्तमान मुखिया लक्ष्मी देवी, उनके पति सोहन चौधरी पिता स्व0 मुन्नी चौधरी और उनके पुत्र प्रदीप कुमार पिता सोहन चौधरी पर आरोप लगाया है ।पीड़ित का कहना है कि इन लोगों ने शेयर मार्केटिंग के नाम पर झांसा देकर अपने अकाउंट पर कुल 6 लाख 95 हजार 1 रुपये ले लिए। इसमें 1,95,001 रुपये और 5,00,000 रुपये नकद शामिल है। पैसा देने का पूरा विवरण आवेदन के साथ संलग्न किया गया है ।आरोप है कि जब पीड़ित ने अपना पैसा वापस मांगा तो तीनों टाल-मटोल करने लगे। बाद में पैसा देने से साफ इनकार करते हुए गाली-गलौज, मारपीट और रंगदारी की बात करने लगे।

घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि 3 अक्टूबर 2026 को पैसा देने की बात कहकर उसे गांव के पश्चिम यात्री शेड के पास बुलाया गया। वहां मुखिया के बेटे प्रदीप कुमार सहित चार अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया।

आरोप है कि इस दौरान उसकी जेब से 1500 रुपये नकद और पहनी हुई 5 ग्राम सोने की अंगूठी व चेन छीन ली गई। पीड़ित ने कहा कि आरोपी पूर्व से ही अपराधी प्रवृति के हैं और उन पर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष मसौढ़ी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की मौत

बिक्रम (आससे)। स्थानीय थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव के समीप 139 सड़क पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई. तेज रफ्तार और बेलगाम ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक का पहिया उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया. घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रानीतालाब थाना क्षेत्र के अमीराबाद गांव निवासी मुशी यादव (50 वर्ष) के रूप में हुई है. हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी. बाइक में पीछे से टक्कर मारने के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन बाद में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रानीतालाब थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है. वहीं, फरार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इधर, मुशी यादव की मौत की खबर जैसे ही अमीराबाद स्थित उनके घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया. परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया. अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई. स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के परिचालन पर चिंता जताते हुए प्रशासन से यातायात व्यवस्था सख्त करने की मांग की है।

दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

मोकामा (आससे)। पटना जिले की पचमहला थाना पुलिस ने फरार चल रहे अपराधियों एवं वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने डुमरा जंजीरा दियारा क्षेत्र से दो गैर-जमानती



वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सी0पी0 सिंह उर्फ सिंघाही सिंह निषाद और अजय सिंह निषाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं और श्यामली सिंह निषाद (साकिन- डुमरा जंजीरा दियारा, थाना पचमहला, जिला पटना) के पुत्र हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों के खिलाफ माननीय न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (ह्क्क्षु) जारी किया गया था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को उनके ठिकाने से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी व चिकित्सीय प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

1.86 करोड़ के नाला निर्माण से बंद हुआ प्रावि पतसा का मुख्य गेट, स्कूली बच्चों की बढ़ी परेशानी

बिहटा (आससे)। प्राथमिक विद्यालय पतसा के मुख्य गेट के सामने ऊंचाई पर नाले का निर्माण करा दिया गया है. इसके कारण विद्यालय में प्रवेश का रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है. स्कूल में पढ़ने वाले छह से दस वर्ष तक के छोटे बच्चों को काफी कठिनाइयों के बीच विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है. इससे उनकी सुरक्षा के साथ-साथ पढ़ाई भी प्रभावित होने की आशंका है.प्रधानाध्यापक ने बीईओ को लिखा पत्र है इस समस्या को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने 24 अक्टूबर को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ), बिहटा को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया था. इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है. प्रधानाध्यापक ने संबंधित अधिकारियों से स्थल का निरीक्षण कर जल्द उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है. आवेदन की प्रतिलिपि वार्ड पार्षद को भी भेजी गई है।

प्रधानाध्यापक के अनुसार, नाला निर्माण के दौरान ठेकेदार से नाले को करीब एक फीट नीचे करने या बच्चों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही गई थी. इसके बावजूद नाले का निर्माण ऊंचाई पर ही कर दिया गया. विद्यालय पहले से ही जलजमाव सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहा है. अब मुख्य गेट बंद होने से बच्चों और शिक्षकों की परेशानी और बढ़ गई है.निर्माण की तकनीकी निगरानी पर उठे सवाल है ।करीब 1.86 करोड़ रुपये की लागत से कराये गये नाला निर्माण में तकनीकी निगरानी और स्थल निरीक्षण को लेकर सवाल उठ रहे हैं. निर्माण से पहले संबंधित अभियंताओं ने विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार की ऊंचाई और बच्चों के आवागमन की स्थिति का आकलन किया था या नहीं, इसकी जांच जरूरी है. साथ ही, निर्माण एजेंसी ने स्वीकृत नक्शे और तकनीकी प्राक्कलन के अनुसार काम किया या नहीं, यह भी जांच का विषय है. हालांकि, तकनीकी जांच के बाद ही किसी की जिम्मेदारी तय हो सकेगी.बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं = वार्ड पार्षद वार्ड पार्षद इंदल कुमार ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे काफी छोटे हैं. उनके आने-जाने का रास्ता बाधित होना गंभीर समस्या है. बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई से कोई समझौता नहीं किया जा सकता. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात कर रास्ते को सुचारू कराने का प्रयास करने की बात कही.1.86 करोड़ की योजना का विधायक भाई वीरेंद्र ने किया था शिलान्यासमुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत नगर परिषद बिहटा के वार्ड संख्या 07 में रामकृत जी के घर से पतसा गांव होते हुए विशंभरपुर मेन आहर तक आरसीसी नाले का निर्माण कराया गया है. इस योजना की कुल एकरारनामा राशि 1 करोड़ 86 लाख 1 हजार 439 रुपये है. निर्माण कार्य की एजेंसी बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको), पटना पश्चिम है. इस योजना का शिलान्यास मनेर विधायक भाई वीरेंद्र ने किया था.अब रास्ता खुलने का इंतजार हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने अधिकारियों से जल्द हस्तक्षेप कर मुख्य गेट तक आवागमन बहाल कराने की मांग की है. अब देखना है कि संबंधित विभाग स्थल निरीक्षण कर नाले की ऊंचाई में सुधार करता है या बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता तैयार किया जाता है।

50 हजार नगद समेत लाखों के जेवरात लेकर प्रेमी संग विवाहिता फरार

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना मुसहरी से एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ घर में रखे 50 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गई। इस संबंध में पीड़ित पति ने चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी के लिए थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जाता है कि तारेगना मुसहरी निवासी रामजीत कुमार उम्र 27 वर्ष, पिता स्वर्गीय जगदीश चौधरी की शादी सोहजन्ना, इस्लामपुर, नालंदा निवासी मुना चौधरी की पुत्री अंतु कुमारी उम्र 25 वर्ष के साथ हुई थी। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे ।पीड़ित पति रामजीत कुमार ने थानाध्यक्ष मसौढ़ी को दिए आवेदन में बताया है कि उसकी पत्नी अंतु कुमारी लगभग 15 दिन पहले बिना कुछ बताए घर छोड़कर भाग गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला तो बाद में पता चला कि उसे गांव के ही कुछ लोगों द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। आवेदन में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि सोहजन्ना निवासी विगन मांझी उम्र 35 वर्ष, पिता राजू मांझी, उसकी मां प्रमिला देवी उम्र 50 वर्ष और विगन मांझी का भाई कारू मांझी उम्र 35 वर्ष ने मिलकर उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगाया है।

कर्म पथ पर चलते हरि नाम जपते रहें : वैष्णवानंद

बख्तियारपुर (आससे)। नगर परिषद क्षेत्र के नंदन पैलेस के सामने रणजीत सिंह सभागार में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा यज्ञ के तीसरे दिन वृंदावन से आये कथा वाचक वैष्णवानंद जी महाराज ने श्रीकृष्ण भक्ति के बारे में विस्तृत चर्चा किया तथा कहा कि जन्म, मृत्यु, जय तथा रोग इस भौतिक शरीर को सताते हैं। आध्यात्मिक



शरीर को नहीं। आध्यात्मिक शरीर के लिए न जन्म, न मृत्यु, न जय और नहीं रोग परेशान नहीं करता है। अत: जिसे आध्यात्मिक शरीर प्राप्त हो जाता है, वह श्री हरि का पार्षद बन जाता है। अत: उपस्थित सज्जनवृंद हमेशा कर्म पथ पर चलते हुए श्रीहरि के नाम का जाप करते रहें। आपकी सभी समस्याएं स्वत: समाप्त हो जाएगी। कथा समारोह को सफल बनाने में आशुतोष, रविशंकर, सोनू, राजू, आदर्श सहित अनेक युवक लगे रहे।

स्टाइल बाजार मॉल के बाहर से बाइक चोरी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना के तारेगना स्टेशन के ठीक सामने स्टाइल बाजार मॉल के पास से एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सुधीर कुमार, पिता राज कुमार पंडित, ग्राम गंगाचक मलिकाना, वार्ड नंबर 5 मसौढ़ी के रहने वाले हैं।

नौबतपुर के दो घरों में छापेमारी, दो देसी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार


नौबतपुर (आससे)। नौबतपुर थाना क्षेत्र के गोनवां ओपी अंतर्गत तिसखोरा गांव में पुलिस ने गुरुवार की रात छापेमारी कर दो अलग-अलग घरों से दो देसी कट्टा बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने गांव के ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान सदन राय के पुत्र अनिश कुमार और संजीत कुमार के पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। शुक्रवार को एसडीपीओ-2 फुलवारीशरीफ एएसपी उमेश्वर चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अनिश कुमार अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखा है और किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन के बाद उनके नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम में नौबतपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह और गोनवां ओपी प्रभारी शामिल थे। पुलिस टीम ने सबसे पहले अनिश कुमार के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान उसके घर से एक देसी कट्टा और दो मिस फायर कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस ने अनिश को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि उक्त हथियार गांव के ही बिट्टू कुमार ने उसे रखने के लिए दिया था। साथ ही उसने बिट्टू के घर में भी एक हथियार छिपाकर रखे जाने की जानकारी दी। अनिश की निशानदेही पर पुलिस ने बिट्टू कुमार के घर पर छापेमारी की, जहां से एक और देसी कट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने बिट्टू को भी इसके बाद पुलिस ने बिट्टू को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में नौबतपुर थाना कांड संख्या 792/26 दर्ज कर पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

भाजपा के राज्यसभा सदस्य रहे आरके सिन्हा का निधन, शोक की लहर

बख्तियारपुर (आससे)। एसआइएस प्राइवेट सिक्युरिटी सर्विसेज के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के पिता आर.के.सिन्हा के निधन का समाचार सुनते ही स्थानीय नेताओं में शोक व्याप्त हो गया। स्थानीय विधायक अरुण कुमार साह, पूर्व विधायक रणविजय सिंह उर्फ लल्लू मुखिया, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला मंत्री गौतम पुटुस यादव, प्रदेश कायालय सह प्रभारी संजय यादवेन्दु, विधायक प्रतिनिधि रूपेश कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह सहित अनेक नेताओं ने रवीन्द्र कुमार सिन्हा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा कहा कि आर.के.सिन्हा के कुशल नेतृत्व एवं क्षमता के हम सभी कायल हैं तथा उनके सफल प्रयास से लाखों युवक जीवकोपार्जन कर रहे हैं। भगवान उनकी आत्मा को चिरशांति प्रदान करें।

मनेर के दो टॉप-10 अपराधियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

मनेर। मनेर पुलिस ने फरार चल रहे टॉप-10 सूची में शामिल दो कुख्यात अपराधियों के घरों पर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने डुगडुगी बजाकर गांव में मुनादी की और ग्रामीणों को न्यायालय के आदेश की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पहला



फरार अभियुक्त बजरंगी कुमार, पिता सुपन राय, निवासी टाटा कॉलोनी माधोपुर है। वह मनेर थाना कांड संख्या 50/26 (आर्म्स एक्ट) एवं कांड संख्या 28/26 (लूट) में वांछित है। वहीं, दूसरा अभियुक्त पंकज कुमार, पिता बजरंगी राय, निवासी लोदीपुर है। वह मनेर थाना कांड संख्या 296/26 (छिनतई) का फरार अभियुक्त है और थाना की टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल है। दोनों अभियुक्त लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। न्यायालय के आदेश के बाद मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया।

प्रधानाध्यापिका से एक लाख की रंगदारी मांगी, नहीं देने पर 16 पिलर तोड़े

मसौढ़ी (आससे)। धनरुआ थाना क्षेत्र में रंगदारी नहीं देने पर निजी जमीन पर बने पिलरों को तोड़ने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित महिला एक सरकारी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हैं, उन्होंने धनरुआ थाने में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता अनीता रानी (42 वर्ष), प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय धनरुआ, पति अखिलेश कुमार, धनरुआ के अनुसार अनीता रानी ने भखरी मोड़ के पास 3 कट्ठा 12 धूर जमीन मार्च 2026 में खरीदी थी। जहाँ वह अपनी जमीन पर मिस्त्री लगाकर पिलर पाइलिंग का काम करा रही थीं। शाम करीब 5 बजे उसी गांव के नवीन सिंह का पुत्र अभिषेक कुमार अपने चार अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और धमकी देने लगा कि अगर जमीन पर पिलर करना है तो एक लाख रुपया रंगदारी दो, वरना नुकसान पहुंचा देंगे। शोरगुल सुनकर पीड़िता ने अपने परिवार के सदस्यों को बुलाया तो आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता रात करीब 1 बजे तक अपनी जमीन पर ही रुकी रही और सभी पिलरों का काम पूरा कराकर घर लौटी।

अगली सुबह जब वह पिलरों में पानी डालने के लिए खेत पर गई तो देखा कि रात में लगाए गए सभी 16 पिलर तोड़ दिए गए हैं। पीड़िता का आरोप है कि अभिषेक कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जानबूझकर लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में धनरुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

देसी शराब और कार सहित तस्कर गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरा गुमटी के पास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कार से 280 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पवन कुमार, पिता कामेश्वर प्रसाद, ग्राम मुरारचक शाहपुर निवासी के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनोरा गुमटी के पास एक कार में भारी मात्रा में देसी शराब लदी है, जिसे पटना की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल एक विशेष टीम का गठन कर सत्यापन कराया। सत्यापन में सूचना सही पाए जाने के बाद पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कार की तलाशी ली

पभेड़ा के गरीब टोले में खेत मजदूर सभा की सदस्यता का चला अभियान

मसौढ़ी (आससे)। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा की ओर से शुक्रवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान शुरू करने से पूर्व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच नुक्कड़ सभा कर संगठन के उद्देश्यों और गरीबों के हक-अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद गरीबों के बीच सदस्यता अभियान चलाकर बड़ी संख्या में लोगों को संगठन से जोड़ा गया। पभेड़ा पंचायत के मोहम्मदपुर गरीब टोला में घर-घर जाकर सदस्यता काटी गई ।इस मौके पर भाकपा माले के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि खेत मजदूरों और ग्रामीण गरीबों को संगठित होना समय की मांग है। केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीबों पर हमला बढ़ा है। मनरेगा, राशन, आवास और जमीन के सवाल पर लड़ाई को तेज करने के लिए खेत मजदूर सभा की सदस्यता जरूरी है ।नुक्कड़ सभा को मजदूर नेता जितेंद्र राम, उपेंद्र मांझी, कमला देवी, निरंजन वर्मा ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि गांव के गरीबों को 5 डिसमिल जमीन, पक्का मकान, 200 दिन मनरेगा में काम और 600 रुपया दैनिक मजदूरी सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर रंजय बिन, सिद्धेश्वर दास, सुरेंद्र दास, अर्जुन पासवान, रामप्रवेश दास, रामजीवन पासवान, तपेश्वर दास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।